एक नजर में

हुतात्मा दिवस पर बजरंग दल ने किया रक्तदान

इंदौर. विश्व हिंदू परिषद- बजरंग दल इन्दौर विभाग के द्वारा हुतात्मा दिवस के अवसर पर विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रचार प्रमुख अन्नु गेहलोत ने बताया सर्वविदित है कि अयोध्या राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के दौरान लाखों हिंदू युवाओं ने अपने प्राणों की आहुति देकर धर्म एवं राष्ट्र की रक्षा के लिए बलिदान दिया था. इन्हीं वीर हुतात्माओं में से कोठारी बंधु (दो सगे भाई) का बलिदान अद्वितीय उदाहरण है. इन्हीं वीर हुतात्माओं की स्मृति में देशभर के बजरंग दल कार्यकर्ता प्रतिवर्ष रक्तदान कर उनके त्याग और बलिदान को नमन करते हैं तथा रक्तदान ही जीवनदान है के संदेश के साथ मानव सेवा के संकल्प को दोहराते हैं. इसी क्रम में आज इंदौर विभाग के विभिन्न जिलों में बजरंग दल द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें अनेक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया.. इस अवसर पर प्रमुख रूप से बजरंग दल मालवा प्रान्त सहं संयोजक यश जी बच्चाणी, विभाग मंत्री यज्ञेश जी राठी, विभाग संयोजक प्रवीण दरेकर, विभाग सहं संयोजक अविनाश कौशल, जिला संयोजक लक्की रधुवंशी, विजय कालखोर, पप्पी ठाकुर, दिनेश गुजर, आदि उपस्थित थे.

थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों संग मनाया स्थापना दिवस

इंदौर. थैलेसीमिया एंड चाइल्ड वेलफेयर ग्रुप का उद्देश्य थैलीसीमिया पीड़ित बच्चो को चिकित्सा सुविधा दिलवाना तो है ही, उनको सामान्य ज्ञान देकर सभी विशेष दिवसों से भी जोड़ना है, इसीलिए थैलीसीमिया वार्ड में एक प्रोग्राम आयोजित किया गया. डॉ. रजनी भंडारी ने बताया कि हमारे राज्य की स्थापना वर्ष 1956 को हुई थी. सरदार पटेल को सरदार की उपाधि क्यों दी गई और किसने दी उनको लौह पुरुष क्यो कहा जाता है? एकता दिवस कब से मनाया जा रहा है और वर्ष 2025 के दिवस का थीम आत्मनिर्भर भारत है. इसी विषय को लेकर पुष्पा अग्रवाल और पूर्णिमा राउत ने प्रश्न पूछे, जिन्होंने उत्तर दिए, उनको इनाम में पानी की बॉटल दी गई. चंदा शर्मा ने बिस्किट बाटे. बच्चों के माता-पिता को भी गिफ्ट दिए गए.

इंदौर लिटरेचर फेस्टिवल 14 नवंबर से

इंदौर. साहित्य, कला और संस्कृति के सबसे जीवंत और चमकदार उत्सव- इंदौर लिटरेचर फेस्टिवल का 11वां सीजन आगामी 14-15-16 नवंबर को होने जा रहा है. अपने स्तरीय आयोजनों से यह फेस्टिवल देश ही नहीं दुनिया भर में इंदौर की नई पहचान बन चुका है. फेस्टिवल के सूत्रधार प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस तीन दिनी आयोजन में साहित्य, कला और संस्कृति विधा के सबसे प्रखर, प्रतिभावान और मौलिक मस्तिष्क भाग लेते हैं। फेस्टिवल डेली कॉलेज के धीरूभाई अंबानी सभागृह और सरोवर से सटे सुंदर लॉन में होगा।इसमें एक से बढ़कर एक सेलिब्रिटी भाग ले रहें हैं, जिन्हें देखने, सुनने, मिलने के लिए प्रशंसक पैसा देकर टिकट खरीदते हैं, लेकिन समाज को साहित्य-संस्कृति-कला के और करीब लाने के लिए इस आयोजन में निशुल्क प्रवेश दिया जाएगा. तीन दिन तक डेली कॉलेज के सुरम्य वातावरण में कविता, कहानी के कमल खिलेंगे, गीत, गजल के सुरमई सुर महकेंगे, विचारों का उजाला हमारे मन-मस्तिष्क को रोशन करेगा और धारदार तर्क व मौलिक कल्पनाएं हर किसी को चमत्कृत कर देंगी. श्री शर्मा ने बताया कि इंदौर लिटररी सोसाइटी के इस आयोजन में इस बार कश्मीर फाइल्स जैसी कई धारदार व वास्तविकता आधारित फिल्मों के निर्देशक व विचारक विवेक रंजन अग्निहोत्री भाग ले रहें हैं, जिन्हें देश कान लगाकर सुनता है. वे अन्य बातों के अलावा फिल्म निर्माण के अपने अनुभव, फिल्मों में कैरियर और उभरते कलाकारों के लिए संभावना पर भी बातें करेंगे.

मसीही समाज ने मनाया ऑल सोल्स-डे

महू. नगर में मसीही समाज ने रविवार को ऑल सोल्स-डे मनाया. इस अवसर पर समाज के लोग यहां कोदरिया रोड स्थित क्रिश्चियन कब्रिस्तान में पहुंचे और अपने पूर्वजों की कब्र पर उनकी याद में कैंडल जलाए तथा फूलमाला अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की. विश्वभर में ईसाई समाज हर साल 2 नवंबर को ऑल सोल्स डे मनाता है. इस दिन दिवंगत परिजनों को याद किया जाता है और उनकी आत्मा की शांति के लिए विशेष प्रार्थनाएं की जाती हैं. समाज के लोगों ने बताया कि यह परंपरा हर साल निभाई जाती है. रविवार को भी दिनभर समाजजनों का कब्रिस्तान पहुंचने का सिलसिला जारी रहा, जहां उन्होंने अपने प्रियजनों को याद कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की.

मां की बगिया बनी हरियाली का प्रतीक

महू. शहर के डॉ. अंबेडकर अस्पताल परिसर में जुलाई 2025 में मां की बगिया नाम से बनाए गए गार्डन ने कुछ ही महीनों में आकर्षक रूप ले लिया है. इस बगिया का शुभारंभ कैंटोनमेंट बोर्ड के सीईओ एवं उद्योगपति नीतिन अग्रवाल द्वारा किया गया था. गार्डन में बादाम, सुआ, बड़ी तुलसी, एलोवेरा, अजवाइन जैसे स्वास्थ्यवर्धक पौधों के साथ ही रंग-बिरंगे फूलों की अनेक प्रजातियां लगाई गई हैं, जो बगिया की सुंदरता में चार चांद लगा रही हैं. साथ ही आगंतुकों के लिए व्यवस्थित बैठने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है. इस बगिया के निर्माण और रखरखाव का संपूर्ण श्रेय डॉ. आशीष शुक्ला, शिशु रोग विशेषज्ञ, मध्य भारत अस्पताल को जाता है. वे अपनी व्यस्तता के बावजूद समय निकालकर स्वयं इस गार्डन की देखभाल करते हैं. नियमित देखरेख के लिए एक माली भी नियुक्त किया गया है. अक्सर देखा जाता है कि गार्डन निर्माण के बाद उपेक्षा का शिकार हो जाते हैं, किंतु मां की बगिया डॉ. शुक्ला के समर्पण और निरंतर देखभाल के कारण आज एक अनुकरणीय उदाहरण बन गई है.

बुरालिया से शुरू हुआ बीजेपी का बूथ संपर्क अभियान



महू. भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर मंडल कोदरिया के पहाड़ी अंचल के बूथ क्र. 257 बुरालिया गांव से बूथ संपर्क अभियान प्रारंभ किया गया. यह अभियान लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती से प्रारंभ होकर 25 दिसंबर को भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री पं. अटलबिहारी वाजपेई की जयंती तक चलाया जाएगा. भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश यादव ने बताया कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की प्रेरणा एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक उषा ठाकुर के नेतृत्व में चलाया जा रहा है. अभियान में प्रत्येक बूथ का वेरिफिकेशन के साथ ही कार्यकर्ताओं के साथ संपर्क कर बूथ की भौगोलिक, सामाजिक, राजनीतिक गतिविधियों पर चर्चा कर बूथ को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया.

रिटायर्ड कर्मचारी ने महिलाओं-बच्चों को पीटा

आरोपी ने थाने में भी की गुंडागर्दी

इंदौर. एरोड्रम थाना क्षेत्र की अशोक नगर कॉलोनी में देवउठनी ग्यारस की रात पटाखे फोड़ने के विवाद में दो परिवारों में जमकर मारपीट हो गई. इस दौरान एमपीईबी के एक रिटायर्ड कर्मचारी रमेशचंद्र भावसार ने न सिर्फ पड़ोसियों से झगड़ा किया, बल्कि महिलाओं और बच्चों को डंडे से पीट दिया. मामला यहीं नहीं रुका, जब पीड़ित पक्ष रिपोर्ट लिखवाने थाने पहुंचा, तो आरोपी ने वहां भी एक महिला को बाल पकड़कर जमीन पर घसीटा और पिटाई की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

शिकायतकर्ता जितेंद्र राठौर ने बताया कि उनके घर के बच्चे रात में पटाखे फोड़ रहे थे और उसी समय घर में भजन संध्या भी चल रही थी. इसी बीच सामने रहने वाले रमेशचंद्र भावसार ने आपत्ति जताते हुए बच्चों पर पत्थर फेंक दिए. एक बच्चे को पत्थर लगने पर जब परिजन समझाने बाहर आए, तो रमेशचंद्र और उसके परिवार ने अपशब्द कहे और हमला कर दिया. विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने फर्शियां फेंकी. रमेशचंद्र अंदर से सब्बल (लोहे की छड़) ले आया और उसने महिलाओं पर हमला कर दिया. मौके पर अफरा-तफरी मच गई. दोनों परिवारों के बीच काफी देर तक विवाद चलता रहा.

थाने जाकर महिला के बाल खींचे और पीटा

झगड़े के बाद जितेंद्र और उनका परिवार रिपोर्ट दर्ज कराने एरोड्रम थाने पहुंचे. तभी रमेशचंद्र भी वहां आ धमका और थाने में ही महिला को पीटने लगा. पुलिस के सामने बाल पकड़कर घसीटने की यह घटना देखकर मौजूद लोग दंग रह गए. पुलिस ने किसी तरह आरोपी को अलग किया, लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं. बताया जाता है कि आरोपी रमेशचंद्र का भाई पुलिस विभाग में पदस्थ है, जिसके दम पर वह कॉलोनी और थाने दोनों जगह धौंस जमाने की कोशिश करता रहा. पुलिस ने अब वीडियो साक्ष्य जुटाकर पूरे मामले की जांच शुरू की है.

दोनों पक्षों पर मामला दर्ज

बहरहाल, एरोड्रम पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर मारपीट का प्रकरण दर्ज किया है. एक पक्ष से रमेशचंद्र भावसार, बबन भावसार, रश्मि, कृतिका और निधि के खिलाफ केस दर्ज किया गया है, वहीं दूसरे पक्ष पर भी प्रकरण कायम हुआ है. थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी का कहना है कि थाने में हुई मारपीट को गंभीरता से लिया गया है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

आफत की बारिश से महू तहसील के किसानों को भारी नुकसान

किसान नेता ने की सरकार से राहत की मांग

इंदौर. शनिवार को हुई तेज बारिश ने महू तहसील के आंबाचंदन, दतोदा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई. लगातार एक घंटे से अधिक चली तेज बारिश से खेत तालाब में बदल गए. आलू, गाजर, प्याज और लहसुन जैसी नकदी फसलों को भारी नुकसान हुआ है.

आंबाचंदन और दतोदा क्षेत्र में नदी-नालों के उफान से रास्ते बंद हो गए, पंचायत भवनों तक में पानी घुस गया. खेतों में जलजमाव के कारण कई किसानों की मेहनत और हजारों रुपए की बुवाई बारिश के पानी में बह गई. आंबाचंदन के किसान और पूर्व सरपंच जितेंद्र पाटीदार ने बताया कि उन्होंने 12 बीघा में गाजर की बुवाई की थी, जिसमें करीब 3 लाख 4 हजार रुपए के बीज बह गए. वहीं, किसान दीपक नारोलिया की 15 बीघा में 3.68 लाख की बुवाई आधे घंटे में ही बारिश से नष्ट हो गई.

सरकार शीघ्र सहायता राशि प्रदान करे

इस पर किसान नेता बबलू जाधव ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्राकृतिक आपदा किसानों के लिए आर्थिक संकट बन गई है. सरकार को तुरंत सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को राहत राशि शीघ्र प्रदान करनी चाहिए. साथ ही फसल बीमा योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाए, ताकि किसान आगामी फसलों के लिए तैयार हो सकें.

भगवान भाव के भूखे, धन के नहीं : सर्वेश्वरी देवी

विजय मारुति हनुमान मन्दिर में चल रही भागवत कथा

इंदौर. भगवान दीनबंधु है, दीनानाथ है और हम सब उसके दास है. भगवान को सबके अधिक प्रिय उसके भक्त होते है, क्योकि भगवान भक्तों के हृदय में निवास करते है. भक्त को कभी भी अभिमान नहीं करना चाहिए. भगवान श्रद्धा से मिलते है, धन से नहीं. भगवान् तो भाव के भूखे हैं.

यह बात कथा वाचिका सर्वेश्वरी देवी ने नवरत्न बाग स्थित विजय मारुति हनुमान मन्दिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा में कहीं. प्रवीण जोशी ने बताया कि व्यास पीठ का पूजन महंत मंगलदास महाराज खाकी, राधा सुशील उपाध्याय, मीना राणा शाह और ललित परदेशी ने किया. सर्वेश्वरी देवी ने आगे कहा कि भक्ति के पुत्र ज्ञान और वैरागय है. भगवान को सबसे अधिक प्रिय वेदपाठी ब्राह्मण है, लेकिन उसमे भी भक्ति से ओतप्रोत भक्त ही है. भक्त भगवान से ही नहीं बल्कि उनकी कथाओ से भी प्रेम करते है. अधिक से कथाओं को सुनकर वे भगवान की महिमा का जगह-जगह गुणगान करते है. भक्त को गुरुओ के चरणो में रहना ही पसंद है और स्वय को उनकी धूल समझते है. वे भगवान में अटुट विश्वास रखते है और इंद्रियों का दमन कर संयमित जीवन जीते है. भक्त को जो मिले उसी में वे संतुष्ट रहते है।सभी के साथ वे सरल और मधुर व्यवहार करते है. भगवान श्रद्धा से मिलते है, धन से नहीं. भगवान् तो भाव के भूखे हैं. सच्चे मन से पुकारो तो भगवान भक्त के पास दौडे चले आते हैं.

भगवान भक्तों के हृदय में ही करते हैं निवास

सर्वेश्वरी देवी ने आगे कहा कि भगवान् का नाम स्मरण करना, उनकी पूजा करना, सेवा करना, माला फेरना, भगवान को अर्चन-वंदन करना, उनको मित्र भाव से देखना और भगवान् के प्रति पूर्णत: समर्पण हो जाना भी एक प्रकार की भक्ति ही है. रामायण ग्रंथ प्रयोग शास्त्र है जो हमें जीना सिखाती है. श्रीमद् भागवत योग शास्त्र है यह हमें मरना सिखाती है. सर्वेश्वरी देवी ने आगे कहा कि गजेंद्र हाथी का कल्याण करने के लिए भगवान् को आना पड़ा, पर पहले उन्होंने मगरमछ को मुक्ति दिलाई उसके बाद गजेंद्र को. यह प्रसंग हमे बताता है कि भगवान भक्तों के हृदय में ही निवास करते है.

महिला कर्मचारी से बदसलूकी का विरोध करने पर बढ़ा विवाद

इंदौर. कानूनगो बाखल इलाके में देर रात रेडीमेड की दुकान पर विवाद के बाद दो पक्षों में मारपीट हो गई. महिला कर्मचारी से बदसलूकी का विरोध करने पर आरोपी पक्ष ने दुकान संचालक के साथ गाली-गलौज कर हाथापाई की.

घटना बीती रात करीब 9 बजे की है. छोटे लियाकती नामक व्यक्ति अपनी रेडीमेड की दुकान पर था, तभी मोहम्मद शोएब नामक युवक वहां आया और दुकान पर काम करने वाली महिला कर्मचारी से अभद्र भाषा में बात करने लगा. जब दुकानदार ने इसका विरोध किया, तो विवाद बढ़ गया. बताया गया कि मोहम्मद शोएब और उसके यहां काम करने वाला युवक उजेल अंसारी ने बीच बाजार में दुकानदार से गाली-गलौज की और मारपीट कर दी. इसके बाद दोनों अपने दो अन्य साथियों के साथ दुकान के अंदर घुस गए और फिर से हाथापाई की. सराफा पुलिस ने घटना के बाद मोहम्मद शोएब, उजेल अंसारी और उनके साथियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

सिद्धचक्र महामंडल विधान में अर्घ्य चढ़ाये

इंदौर. दिगम्बर जैन मंदिर क्लर्क कालोनी में आर्यिका रत्न विदक्षाश्री एवं आर्यिका रत्न सुवंदनमती माताजी के सानिध्य में बाल ब्रह्मचारी अक्षय भैया के नेतृत्व में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में अर्घ्य चढ़ाये एवं आदिनाथ भगवान का जन्मोत्सव मनाया.

प्रात: काल मे भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा कि गई तत्पश्चात देव शास्त्र गुरु की पुजन नन्दिश्वरद्वीप की पुजन कर आरती की गई. प्रवीण जैन ने बताया कि माताजी के प्रवचन हुए. माताजी के प्रवचनों मे सिद्धचक्र महामंडल विधान की महीमा के बारे में बताया कि जो आठ कर्मो से मुक्त हो जाता है चार घातिया, और चार अ घातिया कर्म, संसार से मुक्त हो कर सिद्ध भगवान बन जाता है चार घातिया कर्म ज्ञानावर्णी, दर्शनावर्णी, ममोहनिय, और अन्तराय, इन चार कर्मो का नाश करने से अरिहंत अवस्था को प्राप्त करते है. भोपाल से आए संगीतकार स्वराज जैन के संगीत की धुन पर बड़े हर्षोल्लास के साथ झुमते गाते नृत्य करते हुए महा मंडल पर 128 अर्घ्य चढ़ाये. इस अवसर पर मुख्य रूप से सौधर्म इन्द्र जयेन्द्र-प्रभा जैन कोमल दद्दा आनंद-नवीन गोधा, सुदर्शन जैन, संचित जैन, निलेश जैन, एसके सोगानी, दिलीप बज, नीरज जैन, नीलू जैन के साथ सभी समाजजन शामिल हुए.

जीतो का वार्षिक खेल महोत्सव 9 को

इंदौर. खेल, स्वास्थ्य और सामाजिक एकता को एक सूत्र में पिरोते हुए जीतो (जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन) ने हमेशा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया है. अपने इन्हीं प्रयासों की कड़ी में जीतो इंदौर चैप्टर इस वर्ष भी वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन कर रहा है. अभय प्रशाल इंदौर में 9 नवंबर को आयोजित इस महोत्सव में प्रतिभागियों को बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, लॉन टेनिस, स्विमिंग, कैरम और एथलेटिक्स जैसे सात प्रमुख खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा. आयोजन के लिए प्रतिभागियों के रजिस्ट्रेशन 5 नवम्बर तक रजिस्ट्रेशन लिंक द्वारा किए जा सकते हैं. इस अवसर पर जीतो इंदौर चैप्टर के चेयरमैन विमल घोड़ावत ने कहा जीतो सदैव समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यरत रहा है. शिक्षा, व्यवसाय, सेवा और सामाजिक कार्यों के साथ-साथ संगठन अब स्वास्थ्य और खेल भावना को भी अपनी प्राथमिकताओं में शामिल कर रहा है। यह प्रतियोगिता इसी दिशा में एक सार्थक कदम है, जो युवाओं को खेलों से जोड़ने और उन्हें फिटनेस व टीमवर्क का महत्व समझाने का प्रयास करेगा।

एक नजर में | होगा छत्रियों का पूजन, बड़ा रावला में भी होगा गादी पूजन

इंदौर के प्रथम राजा का 294वां बलिदान दिवस आज

इंदौर. इंदौर स्थापना दिवस समारोह समिति के तत्वाधान में आज सोमवार को सुबह 9.30 बजे राव राजा राव नंदलाल मंडलोई के 294वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में बड़ा रावला में उनकी गादी वाले स्थान की विशेष साज-सज्जा कर परिवार के सभी सदस्यों द्वारा मिलकर पूजा की जाएगी. वर्तमान में मंडलोई परिवार की 16वीं पीढ़ी के राव राजा श्रीकांत मंडलोई, उनके पुत्र युवराज वरदराज, रानी साहिबा माधवी मंडलोई जमींदार एवं उनकी पुत्री निवासरत हैं. इस बड़ा रावला में नंदलाल मंडलोई की गादी के साथ ही कुल 13 चौक, हाथीखाना एवं घुड़साल भी बने हुए हैं.

बहुत कम लोगों को पता होगा कि इंदौर के प्रथम शासक एवं संस्थापक राव राजा राव नंदलाल मंडलोई ने शहर से किए जाने वाले व्यापार को सबसे पहले 3 मार्च 1716 को सम्पूर्ण भारतवर्ष में कर मुक्त करवाया था. उस दौर में सियागंज को टैक्स फ्री जोन कराने से इंदौर का व्यापार पूरे देश में फैलता चला गया. तब शहर से बाहर के व्यापारी भी कारोबार के लिए इंदौर आने लगे थे. इसके लिए उन्हें सवाई राजा जयसिंह के साम्राज्य और बाजीराव बल्लाल से संधि तथा मुगल साम्राज्य से सनत एवं संधि करना पड़ी थी. यह राव राजा राव नंदलाल मंडलोई की ही दूरदृष्टि थी कि आज के स्मार्ट इंदौर या महानगर इंदौर की नींव 1718 वर्ष पहले रख दी गई थी. सन 1700 में ही उन्होंने इंदौर परगने की राजधानी कम्पेल से बदलकर इंदौर को बनाया था. राव राजा की छत्रियां दौलतगंज एवं चम्पाबाग में बनी हुई है, जहां सोमवार को सामूहिक पूजा-अर्चना के बाद शहीदों के परिजनों के सहायतार्थ वेलफेयर फंड में सहायता राशि प्रदान की जाएगी. बड़ा रावला स्थित उनकी गादी का पूजन भी किया जाएगा.

अनेक मोहल्लों के नाम मंडलोई परिवार के सदस्यों के नाम

शहर के अनेक पुराने हिस्सों के नाम आज भी मंडलोई परिवार के नाम पर हैं. नंदलालपुरा का नामकरण राव राजा राव नंदलाल मंडलोई के नाम पर, रानी साहिबा गौतम बेन के नाम पर गौतमपुरा, राजा तेजकरण के नाम पर तेजकरणपुरा, दौलतराव के नाम पर दौलतगंज तथा नवलखा क्षेत्र का नाम इसलिए नवलखा हुआ कि यहां राव राजा छत्रकरण ने आम के 9 लाख पेड़ उस जमाने में लगवाए थे.

वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कार्पोरेशन लि.

यूनिट 203 व 204, दूसरा तल, ए विंग नवभारत एस्टेट जाकरिया बंदर रोड, सेवरी (वेस्ट) मुंबई-400015 महाराष्ट्र, CIN No.- U65922MH2005PLC272501

कब्जा नोटिस

जबकि, अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण के तहत वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है. वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और उसके तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (12), उधारकर्ताओं को बुलाते हुए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया. उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए नीचे उल्लेख किया गया है. उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है. नीचे उल्लिखित तिथि पर उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत मुझे प्रदत शक्तियां. विशेष रूप से उधारकर्ता और गारंटर और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति और किसी भी तरह का लेन-देन न करें. संपति नीचे दी गई राशि के लिए वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड शाखा के शुल्क के अधीन होगी उस पर ब्याज, लागत आदि.

स.क्र.	उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम और लैन नंबर	तिथि और मांग सूचना की राशि	संपत्ति का विवरण	दिनांक और कब्जे का प्रकार
1.	राहुल प्रेमलता LP0000000056292	18-जुलाई-25 रु.2072315 09-जुलाई-25 तक	मकान पी.एच. क्रमांक 77, ग्राम पिवड़े तहसील में स्थित है. जिला इंदौर, मध्य प्रदेश. कुल क्षेत्रफल- 9000 वर्ग फुट. उत्तर-गेंदालाल का मकान/अनिल का मकान/ संतोष का मकान, दक्षिण- सड़क, फिर मांगीलाल का प्लॉट/ सड़क फिर कल्याण सिंह का प्लॉट/ सड़क, फिर मांगीलाल का प्लॉट, पूर्व- राहुल का मकान गोखले/ सड़क/रतनलाल जी गोखले का मकान, पश्चिम- राकेश का मकान/राहुल गोखले का मकान/ रावण गोखले का मकान.	प्रतीकात्मक कब्ज़ा 29-अक्टूबर-25 को लिया गया

दिनांक: 3-11-2025
स्थान: इन्दौर

प्राधिकृत अधिकारी
वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कार्पोरेशन लि.

कब्जा नोटिस

क्योंकि जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (पूर्व में जनलक्ष्मी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड) ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत अधिकारों के पालन में देनदार/ सह-देनदार को नोटिस दी व भावी लागू ब्याज, आकस्मिक व्यय, कॉस्ट, चार्ज आदि भुगतान तथा/ अथवा वसूली की तिथि तक वहन किए गए सहित उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों में उक्त कथित लागू दरों पर ब्याज सहित संबंधित नामों के खिलाफ दर्शायी राशि चुकाने को देनदारों से कहा गया था.

क्र.	लोन नं.	देनदार/सह-देनदार/बंधक	13 (2) नोटिस तिथि/ बकाया राशि (रु.)	तिथि/समय व कब्जा तिथि
1.	30609630000687 और 30609410001055	1) श्री सुरेन्द्र सिंह पुत्र बद्रीलाल कुमावत 2) श्रीमती नीमा कुमावत पत्नी सुरेन्द्र सिंह	22.08.2025, 10.08.2025 तक रु. 10,01,139.72 (रु. दस लाख एक हजार एक सौ उन्चालीस और पैसा बहत्तर मात्र)	दिनांक: 28.10.2025 समय: प्रात: 09.45 सांकेतिक कब्ज़ा
सुरक्षित संपत्ति का विवरण- प्लॉट नंबर 220 (नया 272) वाली ज़मीन का पूरा टुकड़ा, जिसका क्षेत्रफल 800 वर्ग फुट (74.34 वर्ग मीटर) है, उस पर बने निर्माण के साथ, वार्ड नंबर 13 (सरल नंबर 385), ग्राम मेंडकी चक, देवास शहर, तहसील और जिला देवास (म.प्र.) में स्थित है. सीमाएँ- पूर्व में- अशोक ठाकुर, पश्चिम में- सड़क, उत्तर में- मांगीलाल ठाकुर और दक्षिण में- हनुमान मंदिर.				
2.	30609440000331 और 30609410000243	1) श्री जावेद पटेल पिता श्री अंसार पटेल (मालिक मेसर्स दादाजी दूध भंडार) 2) श्रीमती मरजीना बी पत्नी श्री जावेद	21.08.2025, 10.08.2025 तक रु. 9,32,386.89 (रु. नौ लाख बत्तीस हजार तीन सौ छियासी और पैसा नवासी मात्र)	दिनांक: 28.10.2025 समय: 10.20 AM सांकेतिक कब्ज़ा
सुरक्षित संपत्ति का विवरण- प्लॉट/मकान नंबर 69 वाली ज़मीन का पूरा टुकड़ा, जिसका कुल क्षेत्रफल 1625 वर्ग फुट (151.02 वर्ग मीटर) है, उस पर बने निर्माण के साथ, पी.एच. नंबर 31 (सरल नंबर 825), खसरा नंबर 421, ग्राम पंचायत पुवरदा की सीमा के भीतर, ग्राम पुवरदा, तहसील और जिला देवास (म.प्र.) में स्थित है. सीमाएँ- पूर्व में- सोरप पटेल का प्लॉट, पश्चिम में- स्वयं की ज़मीन और उत्तर में- आम रास्ता और दक्षिण में- यूसुफ भाई की ज़मीन.				
3.	30609420001006	1) श्री प्रभाकर राव खरात पिता श्री लक्ष्मण राव, 2) श्रीमती निशा खरात, पत्नी श्री प्रभाकर राव खरात	21.08.2025, रु. 12,08,225.37 (रु. बारह लाख आठ हजार दो सौ पच्चीस और पैसा सैंतीस मात्र) 10.08.2025 तक	तारीख: 28.10.2025 समय: 11.40 AM सांकेतिक कब्ज़ा
सुरक्षित संपत्ति का विवरण- प्लॉट/मकान नंबर 06 वाली ज़मीन का पूरा टुकड़ा, कुल 3810 वर्ग फुट (354.08) क्षेत्रफल, उस पर बने निर्माण के साथ, चमारपुरा (हरिजन मोहल्ला), रविदास मार्ग, कस्बा/ग्राम सोनकच्छ, पी.एच. नंबर 56, नगर परिषद सोनकच्छ की सीमा के भीतर, तहसील और जिला देवास (म.प्र.) में स्थित है. सीमाएँ- पूर्व में- आम रास्ता, पश्चिम में- मलक सिंह छाबड़ा और मुकेश किर का मकान, उत्तर में- रमेश राव और संतोष नागपाल का मकान और दक्षिण में- मलक सिंह छाबड़ा और आदि का मकान.				
4.	32769630000450 और 32769410000683	1) श्री सुनील सिंह चौधरी पुत्र श्री धन सिंह चौधरी, 2) श्रीमती अनीता बाई चौधरी पत्नी श्री सुनील सिंह चौधरी	21.08.2025, रु. 19,38,272.15 (रु. उन्नीस लाख अड़तीस हज़ार दो सौ बहत्तर और पैसा पन्द्रह मात्र) 10.08.2025 तक	तारीख: 28.10.2025 समय: 11.55 AM सांकेतिक कब्ज़ा
सुरक्षित संपत्ति का विवरण- सर्वे नंबर 72 का एक हिस्सा, 1000 वर्ग फुट (92.93 वर्ग मीटर) क्षेत्रफल वाली ज़मीन का पूरा टुकड़ा, उस पर बने निर्माण के साथ, ग्राम सोनकच्छी, पी.एच. नंबर 27, ग्राम पंचायत दुदलाई, तहसील सोनकच्छ और जिला देवास (म.प्र.) की सीमा के अंदर. चारों ओर से घिरा हुआ- पूर्व में- गोपाल सिंह का प्लॉट, पश्चिम में- कुमेर सिंह की ज़मीन, उत्तर में- कुमेर सिंह पिता धन सिंह की ज़मीन और दक्षिण में- आम रास्ता.				
5.	30789630000121 और 30789410000150	1) श्री सुनील पटेल पिता श्री केदार पटेल, 2) श्रीमती अलका पटेल पत्नी श्री सुनील पटेल, 3) श्री केदार पटेल पिता श्री रणछोड़ पटेल	21.08.2025, 10.08.2025 तक रु. 42,09,052.08 (रु. बयालीस लाख नौ हजार बावन और पैसा आठ मात्र)	तारीख: 29.10.2025 समय: 10.55 AM सांकेतिक कब्ज़ा
सुरक्षित संपत्ति का विवरण- जेल रोड ओल्ड (नया नंबर 168) पर बने मकान नंबर 82 और 138, साथ ही मकान नंबर 83 और 139 ओल्ड (नया नंबर 169) पर बनी 'वीनस टॉवर' नाम की बहुमंजिला इमारत में, तीसरी मंजिल पर स्थित कमर्शियल फ्लैट नंबर 301, (दुकान नंबर 1, 2 और 3 का हिस्सा), जिसका सुपर बिल्ट अप एरिया 321.30 वर्गफीट (29.94 वर्गमीटर) है, जो देवी अहिल्या मार्ग पर, नगर निगम इंदौर, तहसील और जिला इंदौर (म.प्र.) की सीमा के अंदर स्थित है. सीमाएँ- पूर्व में- लिफ्ट, पश्चिम में- दूसरे की दुकान, उत्तर में- मकान नंबर 167 और दक्षिण में- मकान नंबर 170.				
6.	45528640000152 और 4552020000267669	1) मेसर्स ऋषभ ट्रेडर्स, जिसके प्रोपराइटर श्री रोहित जैन पिता श्री विजय जैन हैं, 2) श्री रोहित जैन पिता श्री विजय जैन, 3) श्रीमती निधि जैन पत्नी श्री रोहित जैन, 4) श्री दिवेश कुमार जैन पिता श्री विजय कुमार जैन	16.08.2025, रु. 25,24,670.84 (रु. पच्चीस लाख चौबीस हज़ार छह सौ सत्तर और पैसा चौरासी मात्र) 04.08.2025 तक	तारीख: 29.10.2025 समय: 11.25 AM सांकेतिक कब्ज़ा
सुरक्षित संपत्ति का विवरण- प्लॉट नंबर 64 के दक्षिणी हिस्से का पूरा ज़मीन का टुकड़ा, जिसका एरिया 625 वर्गफीट (58.08 वर्गमीटर) है, साथ में उस पर बना आरसीस कंस्ट्रक्शन, जो परमहंस नगर, ग्राम छोटा बंगार्डा, तहसील और जिला इंदौर (म.प्र.) में स्थित है. बाउंड्री- पूर्व में- रोड, पश्चिम में- प्लॉट नंबर 63, उत्तर में- उसी प्लॉट का बचा हुआ हिस्सा और दक्षिण में- प्लॉट नंबर 42.				
7.	30369440000114 और 30369410000272	1) श्री आशुतोष नागर पुत्र श्री राजकुमार (प्रोप्राइटर मेसर्स शारदा नमकीन), 2) श्रीमती शारदा नागर पत्नी श्री राजकुमार	21.08.2025, रु. 10,57,371.35 (रु. दस लाख सत्तावन हजार तीन सौ इकहत्तर और पैसा पैंतीस मात्र) 10.08.2025 तक	तारीख: 29.10.2025 समय: 11.40 AM सांकेतिक कब्ज़ा
सुरक्षित संपत्ति का विवरण- हाउस नंबर 17 का पूरा ज़मीन का टुकड़ा, जिसका कुल एरिया 480 वर्गफीट (44.6 वर्गमीटर) है, साथ में उस पर बना कंस्ट्रक्शन, जो कुम्हार मोहल्ला, वार्ड नंबर 6, नगर पालिका निगम इंदौर की सीमा के अंदर, तहसील और जिला इंदौर (म.प्र.) में स्थित है. बाउंड्री- पूर्व में- रोड, पश्चिम में- श्री लक्ष्मीनारायण का घर और उत्तर में- रोड और दक्षिण में- श्री डॉ. चास्कर का घर.				

जबकि यहां उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता उपरोक्त देय राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए ऋणी को नोटिस दिया जाता है. ऊपर विशेष रूप से और आम जनता के लिए उल्लेख किया गया है कि अधिकृत जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के अधिकारी ने कब्जा ले लिया है. प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऊपर वर्णित संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति तारीखों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे उपर्युक्त।उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता इसमें ऊपर विशेष रूप से और आम तौर पर जनता को लेन-देन न करने के लिए आगाह किया जाता है. उपरोक्त संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों और उक्त संपत्तियों के साथ किसी भी लेन-देन/ सुरक्षित संपत्तियां जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होंगी.

स्थान: इन्दौर
दिनांक: 3.11.2025

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
कृते जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

JANA SMALL FINANCE BANK (A Scheduled Commercial Bank)

रजिस्टर्ड आफिस: द फेयरवे, ग्राउंड व प्रथम तल, सर्वे नं. 10/1, 11/2 व 12/2 बी, ऑफ डोमलुर, कोरामंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के बगल में, चल्लाघट्टा, बंगलौर-560071. ब्रांच आफिस- प्लाट नं. 306-ए, पीयू 4, स्कीम नं. 54, निकट कंट्री इन होटल, मेन ए.बी. रोड, विजय नगर इन्दौर-452010.